फाइल सं. पी -11015/1/2017- पीपीसी-खंड (2)

भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली, 31 अक्तूबर, 2017

विषय: सितम्बर 2017 माह के लिए मंत्रिमंडल हेतु सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर सार (संख्या-9)।

सितम्बर 2017 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/ घटनाओं को नीचे रेखांकित किया गया है:

- इस मंत्रालय तथा उसके माध्यम एककों ने श्रमदान तथा प्रचार-प्रसार के जरिए 15 सितम्बर से 2 अक्तूबर, 2017 के दौरान स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) का आयोजन किया गया। सूचना भवन की साफ-सफाई तथा उसके रख-रखाव में विभिन्न माध्यम एककों के साथ मिलकर दिनांक 27 सितम्बर, 2017 को एक विशेष श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्यू मीडिया प्रकोष्ठ (एनएमसी) ने दिनांक 15 सितम्बर, 2017 को राष्ट्रपति महोदय के भाषण तथा स्वच्छता पुरस्कार प्रस्तुति की लाइव स्ट्रीमिंग की। वाराणसी के शहंशाहपुर में शौचालय के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री महोदय द्वारा किए गए श्रमदान का सभी मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय (डीएफपी) ने एक विशेष जागरुकता अभियान का कार्यान्वयन किया तथा क्षेत्रीय कार्यालयों ने विशेष पहुंच कार्यक्रमों (एसओपी) का आयोजन किया। प्रकाशन विभाग की पत्रिका कुरूक्षेत्र का अक्तूबर अंक 'स्वच्छता' के विषय पर था। गीत और नाटक प्रभाग (एस ऐंड डीडी) ने इस विषय का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए 600 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। पेय जल तथा स्वच्छता मंत्रालय (एमओडीडब्ल्यूएस) के स्वच्छता ही सेवा पोर्टल पर दैनिक कार्यकलाप तथा समाचार क्लिप्स भी अपलोड किए गए। मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों को सराहा गया क्योंकि इसे स्वच्छ भारत मिशन की तीसरी वर्षगांठ अर्थात 2 अक्तूबर, 2017 को विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में 'सर्वोत्तम मंत्रालय पुरस्कार' प्राप्त हुआ।

- निरसन तथा संशोधन (द्वितीय) विधेयक, 2017, जो 140 अधिनियमों के निरसन से संबंधित है, के पैराग्राफ 9 में अंतर्विष्ट प्रस्तावों को मंत्रिमंडल ने अनुमोदन प्रदान कर दिया है। मंत्रालय से संबंधित दो अधिनियम हैं - संसदीय कार्यवाही (प्रकाशन संरक्षण) निरसन अधिनियम, 1976 तथा केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2000 । इस मंत्रालय ने इन अधिनियमों के निरसन के लिए विधि और न्याय मंत्रालय को पहले ही अपनी अनापत्ति प्रदान कर दी थी।

- इथोपिया के संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य की सरकार तथा भारत गणराज्य की सरकार के बीच "सूचना, संचार तथा मीडिया के क्षेत्र में सहयोग" विषय पर भारत के माननीय राष्ट्रपति, श्री रामनाथ कोविंद तथा इथोपिया के राष्ट्रपति डॉ. मुलातू टेसहोम की उपस्थिति में श्री

अनुराग श्रीवास्तव, इथोपिया और जिबूती में भारत के राजदूत तथा एच.ई. डॉ. नेग्री लेंचो, इथोपिया सरकार के संचार संबंधी मामले से जुड़े कार्यालय के मंत्री द्वारा एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य सूचना के प्रसार के लिए सूचना, संचार तथा मीडिया की बढ़ती शक्ति का उपयोग करना तथा समग्र विकास के लिए दोनों देशों के बीच आवागमन को और अधिक बढ़ाना है।

- प्रकाशन विभाग (डीपीडी) ने राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय की सहायता से दुर्लभ पुस्तक "महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि" को पुन: संकलित तथा मुद्रित किया। इस पुस्तक में महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलियां संकलित की गई हैं जिन्हें दिनांक 30 जनवरी, 1948 को गांधी जी की हत्या के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल, पंडित जवाहारलाल नेहरू, लॉर्ड माउंट बेटेन, सरोजिनी नायडू, आचार्य जे.बी. कृपलानी, डॉ. सीवी रमन आदि सहित प्रसिद्ध हस्तियों द्वारा आकाशवाणी पर प्रसारित किया गया था।

- विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी) ने संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से 11 स्थानों नामत: नई दिल्ली, जयपुर, मुंबई, कोलकाता, भुवनेश्वर, भोपाल, शिमला, चंडीगढ़, अहमदाबाद, बंगलौर, हैदराबाद तथा इम्फाल में "नया भारत - हम करके रहेंगे" विषय पर प्रदर्शनियों का आयोजन किया। गीत और नाटक प्रभाग ने पूर्वोत्तर के असम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा तथा मिजोरम राज्यों में विकास पर विशेष बल देते हुए संसदीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से फोटो प्रदर्शनी "न्यू इंडिया - वी रिजॉल्व टू मेक" में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया।

- भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) तथा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ (एसएलवीएसआरएसवी) ने संयुक्त रूप से तीन माह के 'संस्कृत पत्रकारिता में उच्चतर प्रमाणपत्र कार्यक्रम' का आयोजन करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

- राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई) ने 10-16 सितम्बर, 2017 के दौरान भारतीय फिल्म सोसाइटी परिसंघ (एफएफएसआई) के साथ सहयोग करके 12वां मूल्यांकन पाठ्यक्रम का आयोजन किया जिसमें 115 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) द्वारा दिनांक 16 सितम्बर, 2017 को अपने छात्रों की फिल्में प्रदर्शित करने के लिए "पदार्पण - महत्वपूर्ण पड़ाव" के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया। एफटीआईआई के कर्मचारियों ने 23-24 सितम्बर, 2017 को मुक्त दिवस मनाए जाने के दौरान आगंतुकों को निर्देशित पर्यटन मुहैया कराने के लिए टूर गाइड के रूप में स्वेच्छा से अपनी सेवाएं प्रदान की जिसमें मुंबई, गुजरात, औरंगाबाद तथा दिल्ली से आए 2000 से अधिक आगंतुकों ने भाग लिया।

(के. संजय मूर्ति)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23073775